राष्ट्रीय सेवा योजना
एच.डी. जैन कॉलेज, आरा
NAAC Accredited Grade B+
www.hdjaincollege.org E-mail : hdjaincollege@gmail.com
Mob: 9958267365

**Date: - 12-08-2023**

**Name of Program: Har Ghar Tiranga Ka Selfie Point**

**Organised By: - National Service Scheme, H. D. Jain College, Ara, Bihar**

## Press- Release

### हर घर तिरंगा का सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण का मुख्य केंद्र

एचडी जैन कॉलेज आरा में आजादी के अमृत महोत्सव के हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता फैलाने के लिए सेल्फी प्वाइंट स्थापित किया गया। इसका उद्घाटन प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र कुमार ने सेल्फी पॉइंट का फीता काटकर किया और उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव जैन कॉलेज बहुत ही हर्षोल्लास से मना रहा है। इसी में हर घर तिरंगा अभियान में भी सभी खूब बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं इसके लिए सभी को जागरूक करना है कि वे अपने अपने घरों पर तिरंगा लहराए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी तबस्सुम बानो ने जैन कॉलेज के एनएसएस इकाई के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा अभियान चलाये जाने के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी और सभी से आव्हान किया कि वे अपने अपने घरों पर 15 अगस्त के दिन तिरंगा जरूर लहराए। इसी संदेश के साथ सेल्फी प्वाइंट पर अपनी फोटो खिंचवा कर www.harghartiranga.com इस वेबसाइट पर अपलोड करें। इसी मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ संजय कुमार चौबे ने सभी शिक्षकों विद्यार्थियों से आजादी का अमृत महोत्सव हर्षोल्लाह से उत्सव के रूप में मनाने का संदेश दिया।कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित थे जिसमें मुख्य रुप से वरीय शिक्षक डॉ अभय कुमार डॉक्टर अहमद मसूद डॉ अजय कुमार आदि ने अपनी सेल्फी खिंचवाई वही मनोविज्ञान विभाग से डॉक्टर प्रज्ञा कुमारी डॉक्टर साधना प्रसाद डॉक्टर निहारिका सिन्हा भी सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाकर बधाई अर्पित की,वहीं फिजिक्स डिपार्टमेंट के विभाग का अध्यक्ष डॉ संजीत कुमार भी सेल्फी पॉइंट पर विद्यार्थियों के साथ सेल्फी खिंचवाकर वेबसाइट पर अपलोड कर रहे थे। हिंदी विभाग से डॉ सुमन कुमारी तथा संस्कृत से डॉ मालविका तिवारी नेवी सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाकर आभार व्यक्त किया

शिक्षकों में डॉ अर्चना कुमारी, डॉ अंशु कुमारी डॉ श्याम कुमार डॉ रंजीत कुमार डॉक्टर राजीव कुमार ने कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ तबस्सुम बानो को विशेष रूप से इसके लिए बधाई दी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यार्थियों का विशेष रूप से योगदान रहा जिसमें आर्यन प्रकाश, अश्विनी कुमार, निधि, मनीष कुमार, आदित्य, विक्रम रहे।